युवा भारतीय टेनिस खिलाड़ियों, विशेषकर लड़कियों को, विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अवसर प्रदान करता है।
- सानिया मिर्जा

पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी, टीपीएल सीजन 7 को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **दिनेश कार्तिक**

लंदन स्पिरिट ने द हंड्रेड में पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिनेश कार्तिक को अपनी पुरुष टीम का मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच बनाया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए भी 2025 में मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभा चुके कार्तिक ने स्पिरिट के साथ जुड़ने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, लंदन स्पिरिट से जुड़कर मैं काफी उत्साहित हूं। जब मुझे मो, एमसीसी और टेक टाइटंस की योजनाओं के बारे में पता चला तो मैं काफी उत्सुकता से भर गया। इंग्लिश समर को लॉर्ड्स में काम करते हुए बिताना एक सपने के सच होने जैसा है।

क्या आप जानते हैं ?... 24 साल के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर में सचिन ने 463 वनडे में 18426 रन बनाए हैं। उनके नाम वनडे में 49 सेंचुरी दर्ज हैं।

अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी - राजस्थान - मुंबई मैच

राजस्थान के कुशाग्र व रजत के शानदार शतक

जयपुर, 10 दिसम्बर। मुंबई में खेले जा रहे राजस्थान - मुंबई अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन का स्कोर :- मुंबई पहली पारी 250 आल आउट राजस्थान पहली पारी,90 आल आउट। राजस्थान दूसरी पारी 286 आल आउट। फॉलोऑन खेलते हुए राजस्थान ने आज कप्तान कुशाग्र ओझा व रजत बघेल के शानदार शतकों की सहायता से 286 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए रजत बघेल 116, कुशाग्र ओझा 106, आदित्य सैनी नाबाद 39 रन। मुंबई के गेंदबाज सार्थक भिड़े 34/5, वेदांत 78/2, हर्ष 20/2 विकेट। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मुंबई दूसरी पारी 60/2, राजस्थान के गेंदबाज प्रखर शर्मा, जतिन 1-1 विकेट।

अंडर-19 कोच की पिटाई, सिर में 20 टांके, कंधा फ्रैक्चर

पुडुचेरी, 10 दिसम्बर। पुडुचेरी क्रिकेट एसोसिएशन विवादों में घिर गया है। सोमवार को एसोसिएशन के अंडर-19 टीम के हेड कोच एस वेंकटारमन पर तीन लोकल खिलाड़ियों ने हमला कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की टीम से ड्रॉप किए जाने से नाराज थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला सोमवार सुबह करीब 11 बजे पुडुचेरी क्रिकेट एसोसिएशन के इंडोर नेट्स में हुआ। वेंकटारमन को गंभीर चोटें आईं हैं। उनके सिर पर 20 टांके लगे और कंधे में फ्रैक्चर हुआ। इस मामले की शिकायत सेडारापेट पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। वेंकटारमन पहले पुडुचेरी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भी रह चुके हैं।

भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट की करेगा मेजबानी

नयी दिल्ली 10 दिसंबर ।भारत 2026 में चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंटों की मेजबानी करेगा। यह टेनिस टूर्नामेंट बेंगलुरु, चेन्नई, नई दिल्ली और पुणे में खेले जायेंगे। भारत ने पिछले दो सालों में भी हर साल चार एटीपी चैलेंजर टूर टूर्नामेंट आयोजित किए थे। आने वाले साल के लिए इनमें से दो स्टॉप को डाउनलोड कर दिया गया है, चेन्नई एटीपी 100 से एटीपी 50 इवेंट में आ गया है, जबकि पुणे का महा ओपन एटीपी 100 से 75 हो गया है। बेंगलुरु ओपन के साथ पांच जनवरी को सीजन की शुरुआत होगी। चेन्नई ओपन नौ फरवरी को होगा, इसके बाद 16 फरवरी को दिल्ली ओपन (एटीपी 75) तथा 23 फरवरी को पुणे में महा ओपन होगा। भारत सात से आठ फरवरी को बेंगलुरु में डेविस कप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स का भी सामना करेगा और इस साल आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर और डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है।

भारत अगले साल मार्च में पहले कॉमनवेल्थ खो-खो चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

नयी दिल्ली, 10 दिसंबर ।भारत की मेजबानी में अगले साल नौ से 14 मार्च तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप खेली जायेगी। इस चैंपियनशिप में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने भारत में 2026 कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप के आयोजन को मंजूरी दी है। इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेंगे। इस साल जनवरी में नयी दिल्ली में हुए पहले खो खो वर्ल्ड कप में छह महाद्वीपों के 23 देशों (20 पुरुष टीमें और 19 महिला टीमें) ने हिस्सा लिया था। यह भारत में होने वाली पहली कॉमनवेल्थ खो खो प्रतियोगिता है। चैंपियनशिप में 16 पुरुष और 16 महिला टीमें होंगी, और यह पहले खो खो वर्ल्ड कप की तरह ही दोनों कैटेगरी में एक साथ आयोजित किया जायेगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव उपकार सिंह विर्क ने कहा, ''हम वेन्यू को फाइनल करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहे हैं।

न्यू चंड़ीगढ़ में बढ़त दोगुनी करने उतरेगा भारत

दक्षिण अफ्रीका मैच जीतकर सीरीज में बराबरी करने के इरादे से उतरेगा

न्यू चंड़ीगढ़ 10 दिसंबर। कटक में पहला मुकाबला जीतने के बाद भारत गुरुवार को न्यू चंडीगढ़ में अपनी बढ़त को दोगुना करने तथा दक्षिण अफ्रीका मैच जीतकर सीरीज में बराबरी करने के इरादे से उतरेगा।

भारत को पहले मैच में मिली 101 शानदार जीत को देखते हुए प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगी। हालांकि, शीर्षक्रम के बल्लेबाज खासकर शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव फॉर्म प्राप्त करना करने उतरेंगे। वहीं गेंदबाजी में एक बार फिर अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह से उम्मीद होगी।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में काफी निराश किया था। ऐसे में वह दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन करते हुए वापसी करना चाहेगा।

अगर दक्षिण अफ्रीका को यह मुकाबला जीतना है तो क्विंटन डिकॉक और एडन मारक्रम जैसे अनुभवी बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर करना होगा।

परिस्थिति को देखते हुए भारत अपने एकादश में बदलाव कर सकता है। अगर पिच सूखी रहती है तो भारत अर्शदीप सिंह की जगह कुलदीप यादव को एकादश में शामिल कर सकता है और अगर बल्लेबाजी में गहराई सुनिश्चित करने का फैसला करता है तो हर्षित राणा को एकादश में जगह मिल सकती है।

न्यू चंडीगढ़ में ओस का असर शायद उतना देखने न मिले। यहां आईपीएल में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने छह मुकाबले जीते थे जबकि पांच में उन्हें हार मिली थी। यहां 200 से अधिक स्कोर के साथ ही 111 के स्कोर का भी सफलतापूर्वक बचाव किया जा चुका है। इस पिच पर तेज गेंदबाजो का दबदबा रहा है।

भारत संभावित एकादश:- अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।

दक्षिण अफ्रीका संभावित एकादश:- क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडन मारक्रम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डॉनोवन फरेरा, मार्को यानसन, लुथो सिपामला/कॉर्बिन बॉश/जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एन्गिडी और एनरिच नॉर्किया।

ब्लेयर और माइकल ने वेस्टइंडीज को 205 पर समेटा

वेलिंगटन, 10 दिसंबर। ब्लेयर टिकनर (चार विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 205 के स्कोर पर समेटने के बाद स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिये है। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड के गेंदबाज ब्लेयर और माइकल के कहर का सामना करना पड़ा और उसकी पूरी टीम 75 ओवर में 205 रन के स्कोर पर सिमट गई। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 17वें ओवर में ब्लेयर टिकनर ने ब्रैंडन किंग (33) को पगबाधा इस साझेदारी का अंत किया। 19वें ओवर में टिकनर ने केवम हॉज (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 29वें ओवर में जॉन कैंपबेल (44) माइकल रे का शिकार बने। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। शाई होप ने 80 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 48 रन बनाये। कप्तान रॉस्टन चेज (29), जस्टिन ग्रीव्स (13), केमार रोच (शून्य),टेविन इमलाक (16) रन बनाकर आउट हुये।

75वें ओवर में जेकब डफी ने ओजे शील्ड्स (शून्य) को आउटकर वेस्टइंडीज की पहली पारी का 205 के स्कोर पर अंत किया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने चार विकेट और माइकल रे ने तीन विकेट लिये। ग्लेन फिलिप्स और जैकब डफी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट खोए 25 रन बना लिये है और डेवन कॉन्वे (नाबाद 16) तथा कप्तान टॉम लेथम (नाबाद सात) क्रीज पर मौजूद है।

सैमसन मेरे बड़े भाई की तरह हैं : जितेश

कटक, 10 दिसम्बर। कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विकेटकीपर के तौर पर चुने जाने के बाद भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा ने संजू सैमसन के साथ अपने मजबूत रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। इस स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, जितेश ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण, सम्मानजनक और आपसी विकास पर आधारित बताया। सैमसन के प्रभाव के बारे में बात करते हुए जितेश ने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं कि वह टीम में हैं और मैं उनके मार्गदर्शन में सीख रहा हूं। सच कहूं तो, वह मेरे लिए बड़े भाई की तरह हैं और मुझे लगता है कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से ही प्रतिभा निखरती है। मुझे लगता है कि यह टीम के लिए भी अच्छा है।

जितेश ने भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा की गहराई को स्वीकार किया और इस बात पर जोर दिया कि उनका और सैमसन का लक्ष्य एक ही है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय टीम में बहुत प्रतिभा है। आप इसे महसूस कर सकते हैं।

वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली दूसरे स्थान पर

दुबई, 10 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार कोहली की रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ और वह रैंकिंग में अब केवल रोहित शर्मा से पीछे हैं। रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक शतक और एक अर्धशतक लगाने के बाद पहली बार एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे और वह अभी भी शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में कुल 146 रन बनाए। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 302 रन बनाए थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था।

इस समय शीर्ष 10 बल्लेबाज़ी रैंकिंग में रोहित और कोहली के अलावा शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर भी मौजूद हैं। गिल पांचवें स्थान पर जबकि अय्यर 10वें स्थान पर हैं। के एल राहुल की भी रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ है और वह अब 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि कुलदीप यादव वनडे गेंदबाज़ी रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 के बाद अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। अक्षर दो स्थान के सुधार 13वें, अर्शदीप तीन स्थान के सुधार के साथ 20वें और बुमराह छह स्थान के सुधार के साथ 25वें स्थान पर पहुंचे हैं। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस तीन स्थान के सुधार के साथ टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचे हैं।

भारत ने अर्जेंटीना को हराकर जीता जूनियर विश्व कप हॉकी का कांस्य पदक

चेन्नई, 10 दिसंबर । दो गोल से पिछड़ने के बाद मेजबान भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नौ साल बाद पुरुषों के जूनियर विश्व कप में पहला कांस्य पदक जीता। तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुए प्ले-ऑफ मैच में भारत ने अर्जेंटीना को 4-2 से हराया।

मेजबान टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार 4-2 से वापसी करते हुए जीत हासिल की, और सिर्फ 11 मिनट के छोटे से समय में चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया। निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे') और सैंटियागो फर्नांडीज ने (44वें) मिनट में मेहमान टीम को बढ़त दिलाई थी, जिसके बाद भारत के लिए अंकित पाल ने (49वें), मनमीत सिंह ने (52वें), शरदानंद तिवारी ने (57वें) और अनमोल एक्का ने (58वें) मिनट में गोल किए। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की, और अर्जेंटीना के डिफेंस में सेंध लगाने की कोशिश की। हालांकि, यह मेहमान टीम थी जिसने खेल के विपरीत जाकर बढ़त हासिल की, जब निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला।

जुनून और जोश के बिना खिलाड़ी के तौर पर आगे नहीं बढ़ सकते : सचिन

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को कहा कि युवा खिलाड़ी जुनून और जोश के बिना आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने युवाओं को 'मुश्किल चुनौतियों का सामना करने' और दूसरों के लिए मिसाल कायम करने की सलाह दी।

तेंदुलकर ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि उन्हें क्रिकेट से इतना अधिक लगाव था कि वह इस खेल में आगे बढ़ने के लिए हर संभव प्रयास करने को भी तैयार रहते थे। उन्होंने कहा कि वह गर्मी की छुट्टियों में लगभग दो महीने तक रोजाना 12 घंटे तक अभ्यास करते थे। तेंदुलकर ने 'इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल)' के तीसरे सत्र की नीलामी से पहले कहा, ''मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मुझमें जुनून था। मुझे इस खेल से बेइंतहा प्यार था और मैं बस भारत के लिए खेलना चाहता था। मैं इसके लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार था।'' उन्होंने आगे कहा, ''मेरे जीवन में कई पड़ाव आए। इसमें स्कूल क्रिकेट भी था और मैं कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार था। एक दौर ऐसा भी था जब मैंने अपनी गर्मी की छुट्टियों में लगातार 55 दिनों तक 12 घंटे अभ्यास किया और आखिरकार मैं बीमार पड़ गया। अगर जुनून और जोश नहीं है, तो आप आगे नहीं बढ़ पाएंगे।'' तेंदुलकर ने कहा कि एक खिलाड़ी के विकास के लिए कई चीजों का एक साथ आना जरूरी है, लेकिन सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा, '' आपको आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत, योजना, उसे लागू करने की क्षमता, सही मार्गदर्शन और अनुशासन की जरूरत होती है।''

उन्होंने कहा, '' कई चीजें एक साथ आती है और फिर जब मौका मिलता है तो आपको मैदान पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन करना होता है और इसी तरह आप अगले स्तर पर पहुंचते हैं।'' मास्टर ब्लास्टर ने कहा कि उम्मीदें उन खिलाड़ियों से अधिक होती है जिन्होंने अतीत में मिसाल कायम की है। इससे हालांकि किसी को भी परेशान नहीं होना चाहिए।

पैट कमिंस की एशेज़ में वापसी तय, ऑस्ट्रेलिया एडिलेड टेस्ट से पहले मज़बूत स्थिति में

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज़ सीरीज़ अब तीसरे टेस्ट की ओर बढ़ रही है, जहाँ हालात पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में नज़र आ रहे हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया 2-0 से मज़बूत बढ़त बनाए हुए है और अब एडिलेड टेस्ट में टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस की वापसी लगभग तय मानी जा रही है। कमिंस जुलाई में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ आख़िरी बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। पीठ की चोट से उबरने के बाद वह अब पूर्ण फिटनेस में दिखाई दे रहे हैं और चयनकर्ताओं ने उन्हें 15 सदस्यीय टीम में जगह दी है। कोच एंड्रू मैकडॉनल्ड ने संकेत दिया है कि कमिंस ब्रिस्बेन टेस्ट में भी उतर सकते थे, लेकिन चिकित्सा एवं प्रबंधन सलाह के आधार पर उन्हें थोड़ा और समय दिया गया। उन्होंने कहा कि नेट्स में कमिंस ने पूरी क्षमता के साथ गेंदबाज़ी की है और उनकी तैयारी लगभग पूरी मानी जा रही है।

हेमन्य भारद्वाज की शानदार गेंदबाजी की बदौलत जयपुरिया विद्यालय विजयी

जयपुर, 10 दिसम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये नैना क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा, पर खेले गये पूल-जी के मैच में जयपुरिया विद्यालय ने हेमन्य भारद्वाज 13 रन पर 3 विकेट कार्तिक बदलानी 17 रन पर 2 विकेट तथा भव्य शर्मा 26 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी तथा हार्दिक कुक्कड़ 48 रन की पारी की बदौलत नजदीकी मुकाबले में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी को 2 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर राजीव जयपुरिया विद्यालय ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया क्रिकेट एकेडमी की ओर से अमन शेखावत 46 रन, रोहन राजभर 24 रन, राहुल खण्डेलवाल 19 रन, शिवम उमेश 12 रन की मदद से 19.4 ओवर में 148 रन बनाकर आउट हो गये। गेंदबाजी में जयपुरिया विद्यालय की ओर से हेमन्य भारद्वाज 13 रन पर 3 विकेट कार्तिक बदलानी 17 रन पर 2 विकेट तथा भव्य शर्मा 26 रन पर 2 विकेट, यश त्रिपाठी व साहिब अभिचन्दानी प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में जयपुरिया विद्यालय की ओर से ओपनर हार्दिक कुक्कड़ 48 रन, मृदुल मेघरानी 19 रन, साहिब अभिचन्दानी 15 रन, भव्य शर्मा 18 रन, वंश शर्मा 15 रन, हेमन्य भारद्वाज 11 रन की मदद से विजय लक्ष्य 5 विकेट खोकर 149 रन 18.3 ओवर में बनाकर 2 विकेट से जीत दर्ज कर ली। गेंदबाजी में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी की ओर से सयान 24 रन पर 3 विकेट, रोहन राजभर 24 रन पर 2 विकेट तथा दीपेन्द्र सिंह व स्वप्निल चौधरी प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच हेमन्य भारद्वाज जयपुरिया विद्यालय रहें।

29वें पीएसपीबी इंटर-यूनिट सीनियर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 11 से

जयपुर, 10 दिसम्बर। 29वाँ पीएसपीबी इंटर-यूनिट सीनियर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 कल से शुरू होने जा रहा है, जिसका आयोजन गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा जयपुरिया क्रिकेट अकादमी, जयपुर में किया जाएगा। 11 से 15 दिसंबर 2025 तक यह प्रतियोगिता पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) की 9 सदस्य तेल कंपनियों की भागीदारी के साथ आयोजित की जाएगी। उद्घाटन समारोह में आयुष गुप्ता, डायरेक्टर (ह्यूमन रिसोर्स), गेल (इंडिया) लिमिटेड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। टूर्नामेंट में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपीसीएल, ईआईएल, एचपीसीएल, एनआरएल, ओआईएल, गेल और एमआरपीएल खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

बायर्न म्यूनिख की वापसी जीत, गनाब्री चमके और लेनार्ट कार्ल ने फिर किया प्रभावित

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। बायर्न म्यूनिख ने एक बार फिर मैच को बेहद रोमांचक बना दिया, लेकिन अंत में जीत दर्ज करते हुए एलियांज़ एरेना में वापसी पूरी की है। मौजूद जानकारी के अनुसार इस जीत के बाद टीम आख़िरी दो मैचों में किसी अप्रत्याशित नतीजे को छोड़ दे तो आराम से राउंड ऑफ 16 में शीर्ष आठ सीड के रूप में प्रवेश की स्थिति में पहुंच गई है। स्पोर्टिंग के गोलकीपर रुई सिल्वा ने भले ही तीन गोल खाए हों, लेकिन उनकी प्रदर्शन क्षमता पर सवाल नहीं उठाए जा सकते हैं। गौरतलब है कि पहले हाफ में लेनार्ट कार्ल का अद्भुत स्ट्राइक गोल में तब्दील हो सकता था, मगर ऑफसाइड के कारण उसे मान्यता नहीं मिली। इसके बाद सर्ज गनाब्री का गोल सिल्वा नहीं रोक सके, जबकि बाद में कार्ल और जोनाथन ताह द्वारा किए गए शॉट्स पर उनके पास बचाव का कोई ठोस मौका नहीं था, ऐसे में कहा जा सकता है कि गोलकीपर को रक्षापंक्ति ने काफी हद तक अकेला छोड़ दिया था।

जोनाथन ताह की बात करें तो यह गर्मियों में हुआ साइनिंग अब बायर्न के लिए पूरी तरह उपयोगी साबित होता नज़र आ रहा है। ताह का यह दूसरा गोल निर्णायक साबित हुआ है और संकेत देता है कि बड़े मौकों पर वे टीम को उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। इस मैच में अल्फोंसो डेविस की वापसी भी टीम बैलेंस के लिहाज़ से सकारात्मक कही जा रही है। जर्मन मिडफ़ील्डर जोशुआ किमिच का योगदान भी चर्चा में रहा, हालांकि एक आत्मघाती गोल के बावजूद उन्होंने विपक्षी हाफ में जिस तरह गेंद निर्माण, पासिंग और प्रेसिंग में प्रभुत्व दिखाया, वह उनके विश्वस्तरीय कौशल की गवाही देता है। मौजूद आंकड़ों के अनुसार किमिच ने जितनी बार गेम टेम्पो को नियंत्रित किया, उससे बायर्न के आक्रामक ढांचे को निरंतर बढ़त मिलती रही है। वहीं युवा लेनार्ट कार्ल अपनी परिपक्वता और सटीक फिनिशिंग से लगातार प्रभावित कर रहे हैं। पहले शानदार गोल के ऑफसाइड होने के बाद भी उनके आत्मविश्वास में कमी नहीं आई और दूसरा गोल उत्तम नियंत्रण और शॉट चयन का उदाहरण रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि कार्ल इस समय बायर्न के भविष्य का महत्वपूर्ण चेहरा बनते जा रहे हैं। आख़िर में मैच का मोड़ सर्ज गनाब्री ने ही तय किया। बता दें कि गनाब्री ने गोल करने के साथ-साथ एक अहम असिस्ट भी दर्ज कराई है और विपक्षी हाफ में लगभग 90 पासिंग सटीकता के साथ स्पोर्टिंग की डिफ़ेंस को तोड़ने में अहम भूमिका निभाई है।

शूटआउट में भारत ने उरुग्वे को हराया

सैंटियागो (चिली), 10 दिसंबर ।भारत ने आखिरी सेकंड में बराबरी करने के बाद उरुग्वे को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के 9/12 क्लासिफिकेशन मैच में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 3-1 से हराया। भारत के लिए मनीषा ने (19वें) ने भारत के लिए गोल किया, जिसके बाद जस्टिना अर्रेगुई ने (60वें) मिनट सिर्फ दो सेकंड बाकी रहते पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जिससे सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में मैच शूटआउट में चला गया। भारत ने मैच की शुरुआत से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, जल्दी दबाव बनाया और कई बार सर्कल में एंट्री की।

भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप के पहले मैच में स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया

चेन्नई, 10 दिसंबर ।भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गये मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3-0 (7-6,7-6,7-5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया।

आरसीए की सीनियर सलेक्शन कमेटी से हटाने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जयपुर, 10 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरसीए की सीनियर सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन को पद से हटाने से जुडे मामले में प्रमुख खेल सचिव, सहकारिता रजिस्ट्रार, एड-हॉक कमेटी के कन्वीनर और सदस्य धनन्जय सिंह, पिंकेश जैन, मोहित यादव और आशीष तिवाडी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस संदीप तनेजा की एकलपीठ ने यह आदेश राहुल कांवट की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता को गत 21 जुलाई को सत्र 2025-26 के लिए आरसीए की सीनियर सलेक्शन कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति पर आरसीए की साधारण सभा ने भी सहमति दे दी थी। वहीं गत 2 नवंबर को एड हॉक कमेटी के चारों सदस्यों ने विधि विरूद्ध तरीके से याचिकाकर्ता को इस पद से हटा दिया। याचिका में इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि उसे हटाने की कार्रवाई विधि विरूद्ध और अवैध है। क्योंकि उसे हटाने की कार्रवाई एड-हॉक कमेटी के कन्वीनर की सहमति से नहीं की गई थी।

कन्वीनर ने 2 नवंबर को ही अलग से आम सूचना जारी कर कहा था कि याचिकाकर्ता को हटाने की कार्रवाई गलत है। इसके अलावा याचिकाकर्ता की नियुक्ति को आरसीए की साधारण सभा ने अनुमोदित किया है। ऐसे में एक ओर जहां साधारण सभा में लिए गए निर्णय को एड-हॉक कमेटी पलट नहीं सकती, वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई में एड-हॉक कमेटी के कन्वीनर की सहमति भी नहीं है।

जबकि बिना कन्वीनर कोई भी निर्णय नहीं लिया जा सकता। इसलिए एड-हॉक कमेटी के सदस्यों की ओर से लिए गए इस निर्णय को अवैध घोषित कर रदद किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों ओर एड-हॉक कमेटी के कन्वीनर और सदस्यों से जवाब तलब किया है।

रघु सिन्हा आईटीएफ मास्टर्स 400 टेनिस टूर्नामेंट शुरू

टेनिस टूर्नामेंट में देसी-विदेशी खिलाड़ियों का जमावड़ा

जयपुर, 10 दिसम्बर। जयपुर क्लब में आज से शुरू हुए रघु सिन्हा आईटीएफमास्टर्स एमटी-400 टेनिस टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ राजस्थान टेनिस एसोसिएशन के सचिव प्रो. राजीव शर्मा तथा शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं खेल प्रेमी सुरेंद्र गोलछा द्वारा किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। टूर्नामेंट डायरेक्टर सी.ए. प्रदीप जैन ने उद्घाटन अवसर पर प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी तथा सभी खिलाड़ियों से अनुशासन और खेल भावना बनाए रखने की अपील की।

रघु सिंह-माला माथुर ट्रस्ट के ट्रस्टी सुधीर माथुर ने स्व. रघु सिंह जी को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा और खेल के प्रति समर्पण के कारण यह टूर्नामेंट लगातार तीसरे वर्ष सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और आयोजन दल को धन्यवाद देते हुए सहयोग बनाए रखने की अपील की।

मुख्य अतिथि प्रो. राजीव शर्मा ने टूर्नामेंट की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान टेनिस एसोसिएशन भविष्य में भी इस आयोजन को पूर्ण सहयोग देता रहेगा। उन्होंने आगामी वर्ष में 700 श्रेणी के आयोजन में भी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

रघु सिंह टेनिस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र गोलछा ने स्व. रघु सिंह के जीवन और उनके खेल प्रेम पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण शब्दों में कहा कि उनके आदर्शों पर चलते हुए यह आयोजन अनुशासन, पारदर्शिता और उत्कृष्टता के साथ संपन्न किया जा रहा है। कोर्ट में प्रो. शर्मा और गोलछा ने रैकेट से गेंद उछालकर टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन किया।

आयोजन समिति के संयोजक ललित सिंह तलेड़ा ने बताया कि इस वर्ष खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए लाइव प्रसारण, मोबाइल पर रियल-टाइम स्कोर, तथा खि